के जाएंगी। चमक देखकर तुलना कर सकते हैं। पहले हो रही है। जबकि 75 प्रतिशत वीएन त्रिपाठी, डा. सुनील रहे।

# 'दीक्षा समारोह से विद्यार्थियों में जगता आत्मविश्वास'

**जागरण संवाददाता, कानपुर :** दीक्षा समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचार करते हैं और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करते हैं। ये बातें आइआइटी कानपुर के उप निदेशक प्रो. ब्रज भूषण ने रविवार को सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर (एसपीएसईसी) में आयोजित सत्र 2025-26 के दीक्षा समारोह में कहीं। समारोह में कक्षा 12 के 200 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जीएचएसआइएमआर सभागार में आयोजित समारोह की शुरुआत शैक्षणिक शोभायात्रा और दीप प्रज्वलन से हुई। दीक्षा परिधान पहने विद्यार्थियों ने शिक्षकों और अतिथियों के साथ परिसर से सभागार तक गरिमापूर्ण मार्च किया। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने कहा कि बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों की उपलब्धि का उत्सव है, लेकिन यही उनके जीवन की नई यात्रा का आधार भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान, संस्कार और मूल्यों को जीवनभर साथ रखने का आह्वान किया। विद्यालय के निदेशक पार्थो पी. कर ने कहा कि वास्तविक शिक्षा व्यक्ति के चरित्र को मजबूत बनाती है। अनुशासन, निरंतर प्रयास और सीखने की इच्छा ही सफलता का आधार हैं तथा विद्यालय अपने पूर्व विद्यार्थियों के लिए हमेशा खुला रहेगा।




जीएचएसआइएमआर के सभागार में आयोजित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर के दीक्षा समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राओं के साथ आइआइटी के उप निदेशक प्रो.ब्रज भूषण, विद्यालय के निदेशक श्री पार्थो पी .कर व प्रधानाचार्य भावना गुप्ता • जागरण



समारोह में सम्मानित होने के बाद सेल्फी लेतीं छात्राएं • जागरण




समारोह में खुशी मनाते छात्र-छात्राएं • जागरण

समारोह का सबसे यादगार क्षण तब आया जब विज्ञान वर्ग की छात्रा सोनाक्षी गोयल को चार विषयों में 400 में 400 अंक प्राप्त कर सिटी, रीजनल और नेशनल टापर बनने पर विशेष सम्मान दिया गया। इस अवसर पर सोनाक्षी ने विद्यालय के अनुशासित वातावरण और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का प्रमुख आधार बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने घोषणा की कि यह दीक्षा समारोह अब प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाएगा।